

हमारा मध्यक्रम अभी परिपक्व नहीं है। हमें ऐसे खिलाड़ी चाहिये जो आखिर तक खेलकर जीत दिलायें। आईपीएल में राहुल तेवतिया, डेविड मिलर जैसे उदाहरण है। हमें भी वैसे ही बल्लेबाज चाहिये। हम उस पर काम कर रहे हैं लेकिन इस मैच में हम बेहतर टीम नहीं थे। इसे स्वीकार करना होगा।''

– ब्रायन लारा

सनराइजर्स हैदराबाद के कोच, मध्यक्रम को लेकर।

# खेल जगत

## आज का खिलाड़ी ▶ सूर्य कुमार



भारत के आक्रामक बल्लेबाज सूर्यकुमार यादव अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद की बुधवार को जारी नवीनतम टी20 अंतरराष्ट्रीय पुरुष बल्लेबाजों की रैंकिंग में शीर्ष पर बने हुए हैं। पिछले कुछ समय से खराब फॉर्म से जूझ रहे सूर्यकुमार 906 अंक के साथ शीर्ष पर हैं। उन्हें दूसरे स्थान पर मौजूद पाकिस्तान के मोहम्मद रिजवान (798) पर 100 से भी अधिक अंक की बढ़त हासिल है। शीर्ष 10 में शामिल एकमात्र भारतीय बल्लेबाज सूर्यकुमार ने 2022 में टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबलों में शानदार प्रदर्शन किया।

**क्या आप जानते हैं ?...** पाकिस्तान के तेज गेंदबाज मोहम्मद सामी ने एक ओवर में 17 गेंदें फेंककर एक ओवर में सर्वाधिक गेंद फेंकने वाले पाकिस्तानी खिलाड़ी बने।

# लखनऊ ने हार के मुंह से हासिल की जीत

## राजस्थान का विजय रथ थमा

जयपुर 19 अप्रैल। मार्कस स्टोइनिस (21 रन और दो विकेट) के हरफनमौला प्रदर्शन और आवेश खान ( 25 रन पर तीन विकेट) के कातिलाना प्रहार की बदौलत लखनऊ सुपर जायंट्स ने बुधवार को राजस्थान रायल्स को उसके घर पर दस रन से हरा दिया।

सवाई मानसिंह स्टेडियम पर लखनऊ सुपर जायंट्स ने पहले बल्लेबाजी करते हुये निर्धारित 20 ओवर में सात विकेट पर 154 रन बनाये जिसके जवाब में राजस्थान रायल्स छह विकेट पर 144 रन ही बना सकी। इस हार के बावजूद रन औसत पर बेहतर होने के कारण राजस्थान आठ अंक के साथ अंकतालिका में पहले स्थान पर काबिज है जबकि लखनऊ इतने ही अंकों के साथ दूसरे स्थान पर है।

यशस्वी जायसवाल (44) और जोस बटलर (40) ने पहले विकेट के लिये 87 रन जोड़ कर राजस्थान के लिये अच्छी शुरूआत की थी मगर कप्तान संजू सैमसन (2) और बड़े शाट खेलने में माहिर शिमरन हेटमायर (2) के जल्द आउट होने से राजस्थान की पकड़ मैच में ढीली पड़ी। लखनऊ के गेंदबाजों और क्षेत्ररक्षकों की



चुस्ती ने मेजबान को इस दबाव से उबरने नहीं दिया जो आखिर में जीत हार के बीच बड़ा अंतर साबित हुआ। आवेश खान ने देवदत्त पडिकल (26) और हेटमेयर के अलावा ध्रुव जुरेल (0) के उपयोगी विकेट लेकर मैच का पासा पलट दिया। इससे पहले स्टोइनिस ने यशस्वी और बटलर का विकेट चटका कर खतरनाक जोड़ी का अंत किया।

टास हार कर पहले बल्लेबाजी करने उतरे लखनऊ की शुरूआत अच्छी रही। काइल मेयर्स (51) और केएल राहुल (39) की ठोस शुरूआत के बाद हालांकि टीम को दीपक हुड्डा (2) और आयुष बडोनी (1) के रूप में दो झटके मिले मगर बाद के ओवरों ने निकोलस पूरन (29) और मार्कस स्टोइनिस (21) के बीच 45 रनों की तेज भागीदारी ने टीम को सात विकेट पर 154 रनो का सम्मानजनक स्कोर खड़ा करने में मदद की। आईपीएल के महंगे खिलाड़ियों में एक हुड्डा एक बार फिर असफल साबित हुये। राजस्थान की ओर से रविचंद्रन अश्विन को दो विकेट मिले जबकि जेसन होल्डर, ट्रेंट बोल्ट और संदीप शर्मा ने एक एक विकेट हासिल किया।

# केकेआर के खिलाफ दिल्ली के लिये करो या मरो का मुकाबला

नयी दिल्ली, 19 अप्रैल। खराब फॉर्म से जूझ रही दिल्ली कैपिटल्स को इंडियन प्रीमियर लीग के 'करो या मरो' के मुकाबले में बृहस्पतिवार को हर हालत में कोलकाता नाइट राइडर्स को हराना होगा और पिछले सत्र में टीम के स्टार रहे पृथ्वी साव पर गाज गिर सकती है।

इस सत्र में पांच मैचों में साव 34 रन ही बना सके हैं और उनका सर्वोच्च स्कोर 15 रन रहा है। इससे उनके टीम से बाहर किये जाने की आशंका प्रबल है। दिल्ली इस सत्र में अभी तक पांचों मैच गंवा चुकी है जिससे केकेआर के खिलाफ मैच में शीर्षक्रम में बदलाव देखने को मिल सकते हैं। विकेटकीपर बल्लेबाज के रूप में आजमाये गए सरफराज खान को पावरप्ले के ओवरों के लिये विशेषज्ञ सलामी बल्लेबाज के रूप में उतारा जा सकता है जबकि दूसरा विकल्प अनुभवी मनीष पांडे को ऊपर भेजने का हो सकता है।

डेविड वॉर्नर की अगुवाई वाली टीम अगर यह मैच हार जाती है तो प्लेआफ में पहुंचने के सारे दरवाजे लगभग बंद हो जायेंगे। दूसरी ओर केकेआर पिछले मैच में सनराइजर्स हैदराबाद से मिली हार को भुलाना चाहेगी। कप्तान नितिश राणा, मध्यक्रम के बल्लेबाज रिंकू सिंह और वेस्टइंडीज के आक्रामक बल्लेबाज आंद्रे रसेल के पास किसी भी गेंदबाजी आक्रमण की बखिया उधेड़ने की काबिलियत है।

दिल्ली के लिये सबसे बुरी खबर साव का खराब फॉर्म रहा है। पूर्व अंडर 19 विश्व कप विजेता कप्तान अपने चिर परिचित अंदाज में नहीं दिखे हैं। उन्होंने 2021 में 479 और पिछले साल दस मैचों में 283 रन बनाये थे लेकिन इस बार तेज गेंदबाजों का वह सामना भी नहीं कर पा रहे हैं।

रॉयल चैलेंजर्स बेंगलोर के खिलाफ पिछले मैच में वह रन आउट हो गए जिसमें दिल्ली को 23 रन से पराजय झेलनी पड़ी। वॉर्नर के खराब फॉर्म की आलोचना भले ही हो रही है लेकिन दूसरे छोर से विकेटों के पतन के बीच उन्हें खुलकर खेलने का मौका ही नहीं मिल रहा। उन्होंने पांच मैचों में 116 की स्ट्राइक रेट से 228 रन बनाये हैं।

आस्ट्रेलिया के मिशेल मार्श तीसरे नंबर पर चल नहीं सके हैं। ऐसे में रिली रोसोयू या रोवमैन पावेल को उतारा जा सकता है। यश धुल के पास तकनीक की कमी है और वह इससे उबर नहीं पा रहे हैं। दिल्ली की बेंच स्ट्रेंथ भी काफी कमजोर है जिसकी वजह से खराब फॉर्म से जूझ रहे खिलाड़ियों के विकल्प ही नहीं है।

केकेआर टीम में रहमानुल्लाह गुरबाज की जगह इंग्लैंड के जैसन रॉय को उतारा जा सकता है। लेग स्पिनर सुयश शर्मा का अपने घरेलू मैदान पर यह पहला मैच होगा। केकेआर की सफलता की कुंजी नितिश, रिंकू, रसेल और वेंकटेश अय्यर का फॉर्म रहेगी।

## 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण ऑलराउंडर का महत्व कम हो गया है : वेंकटेश अय्यर

नयी दिल्ली, 19 अप्रैल। कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) के सलामी बल्लेबाज वेंकटेश अय्यर का मानना है कि इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में 'इंपैक्ट प्लेयर' के नियम के कारण ऑलराउंडर को गेंदबाजी करने के कम मौके मिल रहे हैं। टखने की सर्जरी के बाद वापसी करने वाले वेंकटेश ने गुजरात टाइटंस के खिलाफ 83 और मुंबई इंडियंस के खिलाफ 104 रन की पारियां खेली थी। वह सभी मैचों में इंपैक्ट प्लेयर के रूप में मैदान पर उतरे। वेंकटेश ने दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ गुरुवार को होने वाले मैच की पूर्व संध्या पर कहा,'' ईमानदारी से कहूं तो इंपैक्ट प्लेयर नियम के कारण किसी ऑलराउंडर के ओवरों की संख्या में भारी गिरावट आई है।''

## सुदीरमन कप में भारत की अगुवाई करेंगे सिंधु, प्रणय

नयी दिल्ली, 19 अप्रैल। पूर्व विश्व चैंपियन पीवी सिंधू और विश्व के नंबर नौ खिलाड़ी एचएस प्रणय चीन के सूज़ौ में 14-21 मई तक होने वाले 2023 सुदीरमन कप में भारतीय टीम की अगुवाई करेंगे। सीनियर राष्ट्रीय चयन समिति ने मंगलवार को यहां हुई बैठक में मिश्रित टीम चैंपियनशिप में पहली बार पदक जीतने के उद्देश्य से एक संतुलित टीम का चयन किया। भारतीय पुरुषों ने पिछले साल प्रतिष्ठित थॉमस कप जीतकर इतिहास रचा था। साल की शुरुआत में एशियाई मिश्रित टीम चैंपियनशिप में भारत के कांस्य पदक जीतने के बाद सुदीरमन कप में पदक आने की उम्मीदें और बढ़ गयीं।

## फीबा करेगा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का आयोजन

मिस (स्विट्जरलैंड), 19 अप्रैल। अंतरराष्ट्रीय बास्केटबॉल महासंघ 40 टीमों के लिये 2024 पेरिस ओलंपिक खेलों का रास्ता खोलने की खातिर इस साल ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट का आयोजन करेगा।

फीबा ने मंगलवार को इसकी घोषणा करते हुए कहा कि उच्चतम रैंक वाली 12 टीमें जो बास्केटबॉल विश्व कप 2023 क्वालीफायर के दूसरे दौर के लिये क्वालीफाई नहीं कर पायी थीं, और 28 टीमें जिन्होंने दूसरे दौर में भाग लिया लेकिन 32-टीमों के विश्व कप में जगह नहीं बना सकीं, वे सभी टीमें इस आयोजन में हिस्सा लेंगी। इन 40 में से पांच टीम 2024 में होने वाले ओलंपिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये क्वालीफाई करेंगे। प्री-क्वालीफाइंग प्रतियोगिता 12 से 20 अगस्त 2023 के बीच आयोजित की जायेगी और फीबा केंद्रीय बोर्ड 28-29 अप्रैल की बैठक में आयोजन के मेजबान का फैसला करेगा। टूर्नामेंट का ड्रॉ एक मई को जारी किया जायेगा।

**फीबा ओलंपिक प्री-क्वालीफाइंग टूर्नामेंट के लिये 40 टीमें :-**

**अफ्रीका से :** कैमरून, कांगो डीआर, गिनी, माली, नाइजीरिया, सेनेगल, ट्यूनीशिया और युगांडा।

**अमेरिका से :** अर्जेंटीना, बहामास, चिली, कोलंबिया, क्यूबा, पनामा, उरुग्वे और वर्जिन द्वीप समूह।

**एशिया से :** बहरीन, चीनी ताइपे, भारत, इंडोनेशिया, कजाकिस्तान, दक्षिण कोरिया, सऊदी अरब और सीरिया।

**यूरोप से :** बेल्जियम, बोस्निया और हर्जेगोविना, क्रोएशिया, चेक गणराज्य, एस्टोनिया, हंगरी, आइसलैंड, इज़राइल, नीदरलैंड, उत्तर मैसेडोनिया, पोलैंड, पुर्तगाल, स्वीडन, यूक्रेन और बुल्गारिया।

## ओस्टापेंको ने स्टटगार्ट के पहले दौर में राडूकानू को हराया

स्टटगार्ट, 19 अप्रैल। पूर्व ग्रैंडस्लैम चैम्पियन येलेना ओस्टापेंको ने पोर्शे ग्रां प्री इंडोर क्लेकोर्ट टेनिस टूर्नामेंट के पहले दौर में एम्मा राडूकानू को 6.2, 6.1 से हरा दिया। फ्रेंच ओपन 2017 चैम्पियन लाटविया की ओस्टापेंको ने पहले ही सेट में अमेरिकी ओपन 2021 चैम्पियन राडूकानू की सर्विस दो बार तोड़कर उसे दबाव में ला दिया। एक अन्य मैच में पाउला बाडोसा ने सातवीं वरीयता प्राप्त डारिया कासात्किना को 6.1, 6.1 से हराया। अब उनका सामना क्वालीफायर क्रिस्टिना बुक्सा से होगा। बारबरा क्रेइसिकोवा ने लियुडमिला सैमसोनोवा को 6.2, 6.0 से शिकस्त दी और अब वह एरिना सबालेंका से खेलेगी।

## सचिन, रोहित ने दिया शांत रहने का मंत्र : तिलक

हैदराबाद, 19 अप्रैल। मास्टर ब्लास्टर सचिन तेंदुलकर और रोहित शर्मा ने मुंबई इंडियन्स के युवा प्रतिभावान बल्लेबाज तिलक वर्मा को ''हमेशा शांत रहने'' और ''अपना 100 प्रतिशत देने'' की सलाह दी है, जो अब तक उन्हें सफलता की राह पर ले जा रहा है। हैदराबाद के 20 वर्षीय तिलक ने मंगलवार को अपने घरेलू मैदान पर सनराइजर्स हैदराबाद के खिलाफ 17 गेंद पर 34 रन की पारी खेली, जिसमें दो चौके और चार छक्के शामिल रहे। तिलक ने मैच के बाद संवाददाताओं से कहा, उन्होंने कभी भी मेरे साथ एक युवा की तरह व्यवहार नहीं किया, और मुझे अपने पहले सीज़न में भी कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ। जिस टीम में क्रिकेट के भगवान (सचिन) और भारतीय कप्तान (रोहित शर्मा) हैं, उस टीम का हिस्सा होना मेरे लिये सौभाग्य की बात है। टीम ने मुझे हमेशा आत्मविश्वास दिया है।'' उन्होंने कहा कि आईपीएल खेलते वक्त उन्हें कभी ऐसा महसूस नहीं हुआ कि वह बड़े मंच पर खेल रहे हैं। युवा बल्लेबाज ने सनराइजर्स के गेंदबाजों के विरुद्ध कुछ अच्छे शॉट खेलकर इस बात का प्रदर्शन अपने कौशल से भी किया।

# कांग्रेस नेताओं, आर.पी.एस.सी. सदस्यों और अफसरों को क्लीनचिट देने वाले गहलोत अब क्या सफाई देंगे : देवनानी

**जयपुर।** नेता प्रतिपक्ष राजेन्द्र राठौड़ ने ट्वीट कर कहा कि कांग्रेस राज में पेपर लीक प्रकरणों में राजस्थान लोक सेवा आयोग जैसी संवैधानिक संस्था बदनाम हुई है। आरपीएससी में बैठे किरदार योग्यता को दरकिनार कर बोली लगाकर नौकरियां बेच रहे हैं। वहीं कांग्रेस ने आरपीएससी को अपने कार्यकर्ताओं को राजनीतिक नियुक्त देने व भ्रष्टाचार करने का मुख्य केन्द्र बना रखा है।

राठौड़ ने कहा कि वर्ष 2012 में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने हबीब खां गौराण को आरपीएससी का चेयरमैन बनाया था जिसने अपनी बेटी को न्यायिक मजिस्ट्रेट बनाने के लिए आरजेएस की मुख्य परीक्षा का प्रश्न पत्र लीक करने का कृत्य किया।

राठौड़ ने कहा कि यह दूसरा मौका है आरपीएससी सदस्य की सेंकड ग्रेड भर्ती परीक्षा पेपर लीक में मिलीभगत सामने आई। यह वही बाबूलाल कटारा हैं जिन्हें अक्टूबर 2020 में मुख्यमंत्री ने सांख्यिकी अधिकारी से आरपीएससी जैसी संस्था में सदस्य बनाकर उपकृत किया था। राठौड़ ने कहा कि गहलोत राज में आरएएस सेंकड ग्रेड टीचर जैसी 3 दर्जन से ज्यादा परीक्षा आयोजित कराने वाली संस्था पर सवालिया निशान उठना इस बात का प्रमाण है कि कांग्रेस राज में सिर्फ उन्हें ही अध्यक्ष-सदस्य नियुक्त किया जाता है जो सरकार में बैठे उच्च पदस्थों के निजी परिवारजन को येन-केन प्रकारण सरकारी नौकरी

■ **कांग्रेस ने आर.पी.एस.सी. को अपने कार्यकर्ताओं को राजनीतिक नियुक्त देने व भ्रष्टाचार करने का मुख्य केन्द्र बना रखा है : राठौड़**

उपलब्ध करा सके। राठौड़ ने कहा कि इस बात से कतई इंकार नहीं किया जा सकता है कि कटारा की नियुक्ति से लेकर अब तक हुई भर्ती परीक्षाओं में धांधली ना हुई हो। सरकार को स्वयं आगे बढ़कर इसकी न्यायिक या सीबीआई जांच करवानी चाहिये और आरपीएसी के तमाम सदस्यों को बर्खास्त करना चाहिये।

पूर्व शिक्षा मंत्री व अजमेर उत्तर के विधायक वासुदेव देवनानी ने कहा है कि राजस्थान लोक सेवा आयोग के पकड़े गए सदस्य बाबूलाल कटारा के पास जिन-जिन भर्ती परीक्षाओं के पेपर तैयार कराने की जिम्मेदारी थी, उन सभी पेपरों की परीक्षाएं निरस्त कर दुबारा परीक्षाएं कराई जाएं। एसओजी द्वारा यदि आयोग के अध्यक्ष संजय श्रोत्रिय से भी गहन पूछताछ की जाती है, तो पेपर लीक के चौंकाने वाले खुलासे हो सकते हैं। पहले अपनी कांग्रेस पार्टी के नेताओं, आयोग के सदस्यों और अधिकारियों को क्लीनचिट देने वाले मुख्यमंत्री अशोक गहलोत अब किस मुंह से सफाई देंगे।

देवनानी ने पूरे मामले का एसओजी द्वारा बुधवार को खुलासा करने के बाद जारी बयान में कहा कि आयोग ने कटारा को छह पेपर बनाने की जिम्मेदारी थी। जरूरी नहीं कि कटारा ने केवल एक ही पेपर बेचा हो। अन्य पेपर भी बेचे होंगे और आउट हुए होंगे। उन्होंने कहा कि यही नहीं, आयोग को भी कटारा द्वारा तैयार कराए गए पेपरों के आधार पर हुई परीक्षाओं की जांच भी अपने स्तर पर करानी चाहिए। उन्होंने कहा कि पेपर घोटालों के और भी राज दबे हुए हुए होंगे, यदि एसओजी गहराई से जांच करती है, तो यह राज बाहर आ सकते हैं।

# जयपुर को उत्तरी रिंग रोड की जल्द मिलेगी सौगात : बोहरा



**जयपुर सांसद रामचरण बोहरा के आवास पर बुधवार को एन.एच.ए.आई. के अधिकारियों की बैठक में जयपुर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।**

**जयपुर ।** राजधानी जयपुर में दक्षिण रिंग रोड पर वाहनों की रेलमपेल है, लेकिन उत्तरी रिंग रोड का काम अभी तक शुरू नहीं हो पाया है। इसे लेकर जयपुर सांसद रामचरण बोहरा के आवास पर बुधवार को एन.एच.ए. आई. के अधिकारियों की बैठक हुई। बोहरा ने बैठक में जयपुर में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने दावा किया कि जयपुर को जल्द ही उत्तरी रिंग रोड की सौगात मिलेगी।

बोहरा ने कहा कि प्रधानमंत्री के नेतृत्व में पूरे भारत में चहुंमुखी विकास हो रहा है और केंद्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी भारत में वर्ल्ड क्लास सड़कों का इन्फ्रास्ट्रक्चर विकसित कर रहे हैं। इसके तहत 200 फीट बाईपास का सुदृढ़ीकरण किया जाएगा, वहां फ्लाई ओवर और अंडरपास का निर्माण किया जाएगा, जिससे जाम की समस्या से लोगों को निजात मिलेगी। बोहरा ने कहा कि 200 फीट बाइपास से चंदवाजी तक जा रही सर्विस रोड भी सीसी रोड बनाई जाएगी। बोहरा ने अधिकारियों से उत्तरी रिंग रोड के बारे में भी चर्चा की जिस पर अधिकारियों ने कहा कि भूमि अधिग्रहण की तैयारियां कर ली गई है। उत्तरी रिंग रोड का स्वरूप भी तैयार है, बहुत जल्द जयपुर वासियों को इसकी सौगात मिलेगी। बोहरा ने अधिकारियों को 14 नंबर पुलिया पर जाम एवं जलभराव की समस्या का जल्द से जल्द निवारण करने के निर्देश दिए। इस दौरान विद्याधर नगर के विधायक नरपत सिंह राजवी एवं एनएचएआई प्रोजेक्ट निदेशक हरीश चंद्र उपस्थित रहे।

# प्रदेश में 589 नए संक्रमित मिले बुधवार को

## जयपुर में सबसे ज्यादा 190 नए संक्रमित सामने आए हैं

-कार्यालय संवाददाता-

**जयपुर।** प्रदेश में बुधवार को करोना संक्रमितों की संख्या में और बढ़ोत्तरी हुई है। इस दौरान राज्य में 589 नए संक्रमित मिले हैं। वहीं जयपुर में एक मरीज की इससे मौत भी हुई है। राज्य में फिलहाल तीन हजार से ज्यादा संक्रमितों का इलाज चल रहा है।

प्रदेश में बुधवार को 27 जिलों में 589 नए संक्रमित सामने आए हैं। इससे पहले मंगलवार को इनकी संख्या 547 रही थी। इधर आज सर्वाधिक 190 नए संक्रमित जयपुर में मिले हैं। जयपुर एक बार फिर करोना का हॉट स्पॉट के रूप में उभर रहा है। यहां तेजी से संक्रमित मिलने का सिलसिला जारी है और इन दिनों एक तिहाई से अधिक मरीज यहा मिल रहे हैं।

■ **पिछले चौबीस घंटों में करोना से जयपुर में एक मरीज की मौत हुई है।**

इसके अलावा आज उदयपुर में 53, भरतपुर में 51, जोधपुर में 36, अलवर में 33, अजमेर में 26, चित्तौड़गढ़ में 25, बीकानेर में 23, बांसवाड़ा व झालावाड़ में 21-21, दौसा में 20, पाली में 19, सीकर में 17, नागौर में 11, गंगानगर में 9, प्रतापगढ़ में 7, डूंगरपुर व भीलवाड़ा में 4-4, राजसमंद, कोटा व चूरू में 3-3, करौली, धौलपुर, सिरोही व बूंदी में 2-2 और जैसलमेर तथा बारां में एक-एक संक्रमित मिला है। इस बीच प्रदेश में 10 हजार 913 कोविड जांच की गई।

उधर प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में 245 संक्रमित ठीक हुए हैं। हालाकि नए संक्रमितों के मुकाबले रिकवरी कम होने से एक्टिव केस बढ़कर 3201 हो गए हैं। इनमें सबसे ज्यादा 918 लोगों का इलाज जयपुर में चल रहा है। प्रदेश में बुधवार को करोना से जयपुर में 1 संक्रमित की मौत हुई है। इसके साथ ही राज्य में अब तक इस बीमारी से 9686 लोगों की मृत्यु हो चुकी है।

## राजस्थानी भाषा में प्रश्न पूछने पर मांगा जवाब

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने प्रमुख शिक्षा सचिव, कर्मचारी चयन बोर्ड सचिव और रीट समन्वयक से पूछा है कि जब राजस्थानी भाषा में सवाल पूछने का प्रावधान ही नहीं है तो रीट परीक्षा-2022 में आठ प्रश्न राजस्थानी भाषा में क्यों पूछे गए। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश राजेश कुमार शर्मा व अन्य की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता रमाकांत गौतम और अधिवक्ता जीएस गौतम ने अदालत को बताया कि कर्मचारी चयन बोर्ड की ओर से गत 25 फरवरी को रीट परीक्षा आयोजित की गई थी।

# राजस्थान में गृह मंत्रालय का जैसे अस्तित्व ही नहीं है : शेखावत

**जयपुर।** केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने बुधवार को कानून-व्यवस्था से जुड़े अलग-अलग मामलों को लेकर गहलोत सरकार पर निशाना साधा। शेखावत ने कहा कि राज्य में गृह मंत्रालय का जैसे अस्तित्व ही नहीं है।

जयपुर में राम प्रसाद आत्महत्या प्रकरण में उन्होंने कहा कि जमीन विवाद से प्रताड़ित होकर आत्महत्या करने वाले राम प्रसाद का सुसाइड लेटर जनता के सामने खुला सबूत है कि विरोधियों के विरुद्ध षड्यंत्र का जाल बुनने वाले गहलोत जी अपने पाले के संगीन मामलों में कैसे चुप्पी साध लेते हैं? शेखावत ने कहा कि राम प्रसाद और उसके परिवार को इंसाफ मिलना चाहिए। सीएम बताएं कि वे क्या करेंगे?

उदयपुर की एक घटना पर शेखावत ने कहा कि व्यवसायी को लूटकर दो दिन तक उससे बेरहमी से मारपीट की गई होगी, ताकि वो पुलिस में न जाए। ये है जंगलराज। अपराधी बेखौफ, उन्हें लगता है वे जहां चाहें, जिसे चाहें शिकार बना सकते हैं, पुलिस उन्हें नहीं रोकेगी। उन्होंने कहा कि दो साल बाद मामला प्रकाश में आया, वो भी तब जब व्यापारी ने हिम्मत दिखाई। बीकानेर के कतरियासर धाम स्थित सिद्ध संप्रदाय के प्रसिद्ध जसनाथजी महाराज मंदिर में चोरी की घटना पर केंद्रीय मंत्री ने कहा कि यह घटना समाज के लिए पीड़ादायक है। कानून-व्यवस्था की कमजोरी से अपराधियों के हौसले बुलंद हैं।

## विशेषज्ञ कमेटी गठित करने के आदेश

**जयपुर,** (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने कर्मचारी चयन बोर्ड को आदेश दिए हैं कि वह पीटीआई भर्ती-2022 के विवादित प्रश्न-उत्तरों की जांच के लिए विषय विशेषज्ञों की कमेटी गठित करे। वहीं कमेटी की रिपोर्ट के आधार पर पुन: परिणाम जारी किया जाए।

अदालत कहा कि यदि याचिकाकर्ता कमेटी की रिपोर्ट से संतुष्ट नहीं होते हैं तो नए सिरे से हाईकोर्ट में याचिका दायर कर सकते हैं। जस्टिस सुदेश बंसल की एकलपीठ ने यह आदेश जुबेर खान और हर्ष मिश्रा सहित अन्य की याचिकाओं पर दिए।

# 'आरोप तय होने के बाद मेडिकल जांच के आधार पर नहीं रोक सकते हर्जाना राशि'

**जयपुर।** हाईकोर्ट ने अपने एक महत्वपूर्ण आदेश में तय किया है कि एससी, एसटी एक्ट के तहत दुष्कर्म पीडिता को दी जाने वाली हर्जाना राशि को इस आधार पर नहीं रोक सकते कि मेडिकल जांच में उसकी पुष्टि नहीं हुई है, जबकि प्रकरण में आरोप पत्र पेश होने के बाद निचली अदालत आरोप भी तय कर चुकी है। इसके साथ ही अदालत ने सामाजिक न्याय विभाग के हर्जाना राशि देने से इनकार करने वाले 15 अप्रैल 2021 के आदेश को रद्द करते हुए पीडिता को क्षतिपूर्ति राशि दो माह में अदा करने को कहा है। जस्टिस इन्द्रजीत सिंह ने यह आदेश पीड़िता की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। अदालत ने अपने आदेश में कहा कि विधायिका ने यह कानून ऐसे गंभीर अपराध के पीड़ितों को आर्थिक रूप से राहत देने के लिए बनाया है।

याचिका में अधिवक्ता बाबूलाल बैरवा ने अदालत को बताया कि याचिकाकर्ता के नाबालिग रहने के दौरान वर्ष 2017 में उसके साथ दुष्कर्म हुआ था। घटना को लेकर उसके चाचा ने रेनवाल थाने में दुष्कर्म और एससी,एसटी एक्ट के तहत दर्ज कराई थी। प्रकरण में पुलिस ने आरोप पत्र भी पेश कर दिया है और निचली अदालत ने उस पर आरोप भी तय कर दिए हैं। याचिका में कहा गया कि उसने एससी, एसटी एक्ट के तहत क्षतिपूर्ति राशि के लिए सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता विभाग के उपनिदेशक के समक्ष आवेदन किया था, लेकिन विभाग ने 15 अप्रैल, 2021 को आवेदन यह कहते हुए निरस्त कर दिया कि मेडिकल में दुष्कर्म की पुष्टि नहीं हुई है। याचिका में कहा गया कि एससी, एसटी एक्ट में सिर्फ पीडिता के मेडिकल की बात कही गई है। प्रकरण में आरोप पत्र पेश हो चुका है और निचली अदालत ने प्रथमदृष्टया आरोपी मानते हुए आरोपी पर चार्ज भी फ्रेम कर दिए हैं। ऐसे में मेडिकल का परिणाम चाहे कुछ भी हो पीडिता की क्षितपूर्ति राशि नहीं रोकी जा सकती।